क्षेत्रीय कार्यालय पटना में राजभाषा की तिमाही बैठक का आयोजन

ईएसआईसी, पटना में दिनांक 11.02.26 को विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 204वीं बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कार्यालय प्रमुख एवं क्षेत्रीय निदेशक श्री सीए निरंजन कुमार द्वारा की गई तथा बैठक का संचालन सहायक निदेशक (राजभाषा) श्री अजीत कुमार शर्मा द्वारा किया गया। बैठक में कार्यालय में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन पर सार्थक चर्चा की गई तथा इसमें आ रही समस्याओं पर विस्तार से विचार किया गया एवं इसके निराकरण के लिए आवश्यक निर्णय लिये गये।

बैठक में राजभाषा नीति से संबंधित विभिन्न विषयों जैसे – धारा 3(3), राजभाषा नियम 1976 के नियम 3 एवं नियम 5 का अनुपालन, वार्षिक कार्यक्रम 2025-26 एवं जांच बिंदुओं का अनुपालन, शाखा कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन की स्थिति, प्रशिक्षण, कार्यशाला इत्यादि से संबंधित विषयों पर सार्थक चर्चा की गई एवं अध्यक्ष महोदय द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए यथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये गये। साथ ही श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही शाखाओं/शाखा कार्यालयों की सराहना की गयी तथा जिन शाखाओं/शाखा कार्यालयों का प्रदर्शन लक्ष्यानुरूप नहीं था उन्हें सकारात्मक रूप से लक्ष्य प्राप्ति के हर संभव प्रयास करने की सलाह दी गयी। यह उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय कार्यालय पटना को वित्त पिछली छमाही के लिए राजभाषा कार्यान्वयन में बेहतर प्रदर्शन के लिए नराकास द्वारा सम्मानित भी किया गया है जिसकी बैठक में सभी अधिकारियों द्वारा सराहना की गई। क्षेत्रीय निदेशक ने इस उपलब्धि का श्रेय कार्यालय के कार्मिकों के समेकित प्रयास को दिया तथा आगे भी श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की सलाह दी।

उपर्युक्त बैठक में डॉ बिजय कुमार केशरी, डॉ तनुजा कुमारी, डॉ रजनी रवि, संयुक्त निदेशक मुकेश कुमार; उप निदेशक आर.आर. तिवारी,केशव कुमार झा; सहायक निदेशक सत्यजीत कुमार, आशीष कुमार रंजन आदि एवं सभी अधीक्षक तथा शाखा कार्यालयों के शाखा प्रबंधक ऑनलाइन उपस्थित रहें। क्षेत्रीय कार्यालय पटना के अधीनस्थ आने वाले सभी शाखा कार्यालयों एवं डी सी बी ओ के शाखा प्रबंधकों ने ऑनलाइन माध्यम से अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की।

क्षेत्रीय निदेशक